समाचार

# रामलीला का मंचन व दर्शन मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं – जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी

## (नगर निगम कोरबा द्वारा आयोजित श्रीरामलीला में पहुंचे श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज, रामलीला आयोजन की सराहना की, दिया आशीर्वचन )



कोरबा 30 सितम्बर 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित रामलीला में पधारे जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम की जीवनलीला श्रीरामलीला के मंचन एवं दर्शन मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होने निगम द्वारा किए जा रहे रामलीला आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दक्षिण कौशल मॉ कौशिल्या के प्रकाट्य स्थल छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यवसायिक नगरी कोरबा में बनारस की मण्डली द्वारा रालीला के मंचन का यह आयोजन मन को प्रफुल्लित व आनंदित कर रहा है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित श्रीरामलीला के दूसरे दिन सोमवार को चित्रकुटधाम से कोरबा पधारे जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति प्रदान कर श्रद्धालुओं व आयोजनकर्ताओं को अपना आशीर्वचन दिया। यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा 28 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक कोरबा के घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में पांच दिवसीय भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव का आयोजन उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की

प्रेरणा एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल पर किया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन आयोजन स्थल पर पधारे जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी का महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों ने महाराजश्री की आगवानी की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी ने आयोजन की प्रशंसा की तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयोजन समिति को साधुवाद दिया। अपने उद्बोधन में जगद्गुरू ने आगे कहा कि जिनसे सबका मंगल होता है, वे राम हैं, राम शब्द में राष्ट्र का मंगल निहित है, उन्होने कहा कि '' रा '' से राष्ट्र व '' म '' से मंगल, अर्थात प्रभु श्रीराम के नाम में ही राष्ट्र का मंगल, हम सबका कल्याण छिपा है। आचार्यश्री ने कहा कि रामलीला में प्रभु श्रीराम की भूमिका का निर्वहन करने वाले पात्र में '' रामत्व '' का अंश आज जाता है, अतः जो भी पात्र प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाता है, उसे सदैव पवित्रता का आचरण करना चाहिए। आयोजन के दूसरे दिन श्रीराम वन गमन, केंवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन व भरत मिलाप प्रसंग का सुंदर मंचन रामलीला में किया गया।

**<u>अतिथियों ने श्रीराम दरबार में पूजा अर्चना कर दूसरे दिवस की रामलीला का कराया शुभारंभ</u>** – श्रीरामलीला आयोजन के दूसरे दिवस कार्यक्रम के अतिथियों ने श्रीराम दरबार में पूजा अर्चना कर दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कोरबा विभाग संघ चालक सत्येन्द्रनाथ दुबे, सिंधु समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरलीधर माखीजा, कोरबा नगर कार्यवाह मृगेश यादव, कोरबा जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, हसदेव महाआरती समिति से चन्द्रकुमार श्रीवास्तव व रणधीर पाण्डेय, भारती विकास परिषद के अध्यक्ष कमलेश यादव, पूर्व आयुक्त अशोक शर्मा, गायत्री परिवार से राजकुमार देवांगन, विष्णुशंकर मिश्रा, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, राधेश्याम जायसवाल, चन्द्रमा सिंह राजपूत, महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, आयोजन समिति सचिव अशोक चावलानी सहित निगम के पार्षदगण, मेयर इन काउंसिल सदस्यों ने पूजा अर्चना कर दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ कराया। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, चन्द्रलोक सिंह, पंकज देवांगन, मुकुद सिंह कंवर, अजय कुमार चन्द्रा, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, फिरतराम साहू, युगल कैवर्त, सत्येन्द्र दुबे, रामकुमार साहू सहित अन्य पार्षदगण के साथ ही आरिफ खान, परविंदर सिंह, रूक्मणी नायर, वैशाली रत्नपारखी, उमाभारती सराफ, दिनेश वैष्णव, डॉ.अंजना सिंह, संदीप सहगल, प्रवीण रत्नपारखी, राकेश मिश्रा, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, आयोजन के नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, आर.के.माहेश्वरी सहित निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

**<u>01 अक्टूबर को सेतुबंध सहित होंगे विविध प्रसंग</u>** – घंटाघर में आयोजित रामलीला के चौथे दिन 01 अक्टूबर को सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक तथा अंतिम दिवस 02 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए हैं।